

## एक नजर में

### युवती को जिंदा जलाने के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**धार/ सरदारपुर ।** अपर सत्र न्यागयाधीश सरदारपुर जिला धार(म.प्र.) द्वारा दिनांक 29.01.2026 को निर्णय पारित करते हुए, आरोपी रविल ऊर्फ रवि पिता समरिया परमार भील भीलखेड़ी तह. सरदारपुर जिला धार(म.प्र.) को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 1000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । पीड़िता की और से पैरवी कर रहे अधिवक्ता श्रीश दुबे ने घटना का विवरण बताया की फरियादी सूरज पिता जामसिंह बिलवाल थाना रिपोर्ट किया कि मुझे दिनांक 29,11.2023 को शाम 06.00 बजे करीबन खबर मिली की तुम्हारी भतीजी कुमारी शिवानी पिता निर्भयसिह बिलवाल सरदारपुर में जल गई है जिसको सरदारपुर अस्पताल में भर्ती करवा रखी है। सूचना मिलने पर गाँव से मैं तथा मेरे बड़े भय्या निर्भयसिह, भतीजा बन्टू भाई वर्दीचन्द व बड़े भाई मुकेश के साथ सरदारपुर अस्पताल आये देखा तो मेरी भतीजी शिवानी पुरी तरह से जल गई थी व काफी चिल्ला रही थी जिसको ईलाज के लिये धार रैफर कर दिया फिर अस्पताल से एंबुलेंस में डालकर ईलाज के लिये सरकारी अस्पताल धार ले गये हमने हमारी भतीजे से पुछा कि घटना कैसी हुई तो शिवानी ने हमको बताया कि मैं धार में पढ़ाई कर रही थी तो मुझे रवि पिता समरिया परमार भीलखेडी का धार से लेकर उसका कमरा सरदारपुर में बदनावर रोड पर विरेन्द्र कुमार जैन के मकान में लेकर आया था उसने मेरे से लड़ाई-झगड़ा किया व मेरे साथ मारपीट करके मेरे को जान से मारने की नियत से उसने मेरे ऊपर केरोसिन (घासलेट) डालकर माचिस की तिली जलाकर मेरे ऊपर आग लगा दी व बाहर से दरवाजा मे ताला लगाकर भाग गया मैं चिल्लाई तो मकान मालिक अंकल आये व उन्होंने दरवाजा खोला व अंकल ने फोन लगाकर एंबुलेंस को बुलाया उसमे मुझे डालकर ईलाज के लिये सरदारपुर अस्पताल लाये थे । शिवानी के बयान सरकारी अस्पताल धार मे तहसीलदार साहब व्दारा लिये गये है तथा एम.व्हावय अस्पनताल में ईलाज के दौरान मेरी भतीजी शिवानी की मृत्युी हो गई। जिसकी रिपोर्ट थाना सरदारपुर पर की थी। रिपोर्ट पर से अनुसंधान कर अभियोग पत्र मा. न्यायालय सरदारपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। मा. न्यायालय में विचारण के उपरांत अभियोजन की सहायता हेतु पीड़िता के अधिवक्ता के रूप में श्री श्रीश दुबे व श्री मनोज जाग को नियुक्त कर पीड़िता की और से न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष युक्तियुक्त संदेहों से परे मानकर मा. न्यालयालय द्वारा प्रमाणित पाकर आरोपी रविल ऊर्फ रवि पिता समरिया परमार भील निवासी भीलखेड़ी तह. सरदारपुर जिला धार(म.प्र.) को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 1000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । पीड़िता की और से अधिवक्ता श्री श्रीश दुबे व अधिवक्ता मनोज काग ने पैरवी की।

### दसाई के पूर्व सरपंच ,जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष सेठ बाबूलाल जी मंडलेचा का 96 वर्ष की आयु मै निधन



सरदारपुर । ग्राम पंचायत दसाई के पूर्व सरपंच ,जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष समाज सेवी वयोवृद्ध सेठ बाबूलाल जी मंडलेचा का 96वर्ष की आयु मै संथारापूर्ण कॉलधर्म ( निधन) गुरुवार को हो गया बाबूलालजी पत्रकार व पूर्व जनपद प्रतिनिधि सुभाष मंडलेचा के पिता एवं पत्रकार प्रवीण जैन के ताऊ जी थे झ्र जिनकी पालकी यात्रा ( अंतिम यात्रा )नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए गंगाजलिया मुक्तिधाम पहुंची ,जहां पर शोक सभा मै देवेंद्र पाटीदार ,दिगंबर दास बैरागी ,कैलाश मारू, अनिल नाहर ,संतोष जी चत्तर नामली, कृपाराम पाटीदार, इंद्रमल पीपाड़ा,कनकमल नाहर, ,कमलेश भंडारी क?व? ,आदि ने अपने अपने विचार रख कर शोक संवेदना व्यक्त करी । कार्यक्रम का कार्यक्रम का संचालन राकेश नाहर किया। दसई नगर में पहला अवसर था जब किसी व्यक्ति ने संथारा लिया । संथारा पूर्वक देह त्याग की चर्चा पूरे नगर सहित क्षेत्र मै चर्चा का विषय रहा

### सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**इंदौर .** एरोड्रम थाना क्षेत्र के कैदारनगर में देर रात सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर जेवरात और नगदी चोरी कर ले गया. फरियादी राजनारायण राजपूत निवासी कैदारनगर इंदौर ने शिकायत दर्ज कराई कि देर रात करीब 2 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके मकान का ताला तोड़कर घर में घुसपैठ की. चोर सोने-चांदी के जेवरात, नगद रुपये और बैंक लॉकर की चाबी चोरी कर ले गया. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सेनेटरी पैड्स बांटे



**महू.** स्वच्छता के जनक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर अंकित बागड़ी की संस्था अनिवार्य द्वारा स्वच्छता एवं सम्मान के प्रतीक सैनेटरी पैड्स का वितरण किया गया. इस अवसर पर मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता और सुरक्षा की जागरूकता के लिए ग्राम सातेर में व्याख्यान भी आयोजित किया गया. संस्था अनिवार्य की पायल परदेशी द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत साबरमती के संत, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन कर की गई. उन्होंने कहा कि अंकित बागड़ी द्वारा शुरू की गई संस्था अनिवार्य उस बदलाव की दिशा में एक कदम है, एक ऐसा बदलाव जो हमारी युवा लड़कियों व महिलाओं को सशक्त बनाता है. ललित बोरासी ने बताया कि संस्था अनिवार्य ने पिछले पांच वर्षों में समूचे भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद महिलाओं/बालिकाओं को सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने के लिए अथक प्रयास किए हैं. इन प्रयासों ने लाखों अनगिनत महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, उनके स्वास्थ्य, कल्याण और गरिमा में सुधार हुआ है. कार्यक्रम में सौरभ मिश्रा, रितिका चतुर्वेदी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे.

### वर्मा तीसरी बार बने हिमाचल प्रदेश चुनाव प्रभारी



**महू.** हिमाचल में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जनता कांग्रेस महासचिव अमित वर्मा को कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है. वर्मा इसके पूर्व भी 2017 एवं 2022 के हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों में पार्टी की चुनावी कमान संभाल चुके हैं. वर्मा ने बताया कि वे शिमला, लाहौल स्फीति, चंबा, मंडी, सोलन आदि सभी विधानसभा सीटों पर वहां के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ काम शुरू करते हुए पार्टी को प्रदेश की सभी सीटों पर मजबूती देने की कोशिश करेंगे. वर्मा की नियुक्ति पर हिमाचल जनता कांग्रेस के दलीप सिंह ठाकुर, रविंद्र नाथ, प्रेम कश्यप, सोहन सिंह ठाकुर, दीपाली सिंह, अनुराधा शर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है.

### सड़क सुरक्षा माह के तहत नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया

**महू.** सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर अग्रसेन चौराहा, ड्रीमलैंड क्षेत्र में एक नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क पर वाहन चलाने वाले नागरिकों की दृष्टि जांच कर उन्हें सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना रहा.





## बालिकाएं हमारे देश और समाज की धूरी है : न्यायाधीश डॉ . आरती शुक्ला

**कुक्षी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार अग्रवाल के संरक्षण में नगर आयोजित %बालिका सप्ताह% का गरिमामय समापन हुआ। तहसील विधिक सेवा समिति, सिविल न्यायालय कुक्षी द्वारा आयोजित इस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में अंतिम शिविर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुक्षी में संपन्न हुआ.

शिविर की मुख्य अतिथि प्रथम जिला अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. आरती शुक्ला पाण्डेय नें छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाएं हमारे देश और समाज की धुरी हैं। उनके सर्वांगीण विकास से ही संपूर्ण राष्ट का विकास संभव है। उन्होंने छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा प्राप्त करने का संदेश दिया और उन्हें सोशल मिडिया सुरक्षा,साइबर कानून,तथा पोक्सो एक्ट की बारीकियों से अवगत कराया।न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हर्ष राज दुबे नें छात्राओं कोछात्राओं को सुरक्षा के प्रति सतर्क करते हुए बताया कि बालिकाओं का बुरी नीयत से पीछा करना या उन्हें घूरना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने जोर दिया कि यदि किसी भी छात्रा के साथ कुछ गलत होता है, तो उन्हें बिना डरे उसकी शिकायत दर्ज करानी चाहिए। , शासकीय अधिवक्ता आर. के.गुप्ता नें छात्राओं को भारतीय संविधान न्यायालय की कार्यप्रणाली और सामान्य कानूनों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनोज साधु ने किया। आभार माना विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र सिर्वी नें। इस अवसर पर अधिवक्ता सौरभ भायल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विधिक जानकारी प्राप्त कर छात्राओं ने स्वयं को कानूनी रूप से सशक्त महसूस किया और भविष्य में कानून का पालन करने का संकल्प लिया।

## कृषि रथ से गांव-गांव पहुंची उन्नत खेती की जानकारी



**▶ कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को बताए खेती और दवाई के गुर**

**बाग** - कृषक कल्याण वर्ष 20260 के तहत किसानों को आधुनिक खेती सरकारी योजनाओ से जोड़ने के लिए बाग विकासखंड के ग्रामीण क्षैत्रो में कृषि रथ भ्रमण कर उन्नत खेती की जानकारी दी जा रही है । मध्यप्रदेश शासन द्वारा कृषक कल्याण कार्यक्रम 2026 को समृद्ध किसान समृध्द प्रदेश के रुप में मनाने हेतु यह रथ गांव गांव भेजा जा रहा जिससे किसानों को उन्नत खेती करना सिखाया और बताया जा रहा है उसी तारतम्य में गुरुवार को कृषि रथ बाग पंचायत में भ्रमण किया जनपद सभा कक्ष में किसानों को खेती के बारे मे विशेष जानकारी देते कार्यक्रम को प्रारंभ किया ।

जिसमे कृषि विज्ञान केन्द्र मनावर के वरिष्ठ वैज्ञानिक मृदा विज्ञान के डाक्टर नरेश कुमार गुप्ता ने कृषको को प्राकृतिक खेती के साथ किसान अपने घर पर जैविक दवाई बनाकर रोग एवं किट नियंत्रण की जानकारी दी । गयी साथ ही साथ ही यूरिया खाद को कम उपयोग करने की सलाह दी गई। और उसकी जगह नैनो यूरिया और नैनो डी,एपी,के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी अनुभाग कुक्षी श्री मनोज चौहान द्वारा आगामी खरीफ सीजन में यूरिया सुपर डीएपी रासायनिक खादो का वितरण ई-टोकन वितरण प्रणाली के माध्यम से किसानों को प्राप्त होगा साथ ही किसानों को खेती की मिटटी की जांच निशुल्क की जावेगी । व फसल विविधीकरण के साथ मिश्रित खेती को बढ़ावा दिया जाना है । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कृषि यंत्र अनुदान के बारे में भी विस्तार पूर्वक किसानों को बताया ताकी किसान इन योजनाओं का लाभ आसानी से ले सके । उक्त कार्यक्रम में सरपंच धर्मेन्द्र बामनिया भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया कृषि विभाग का समस्त स्टाफ सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहै । कार्यक्रम का अंत में अभार वरिष्ठ कृषि विभाग अधिकारी मेहताब चौहान ने माना ।

## नई जिला कोर्ट बिल्डिंग में वकीलों के चेंबर पर मंथन तेज

**▶ अभिभाषक संघ से मांगा डिजाइन**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. स्कीम नंबर 140 पिपल्याहाना में निर्माणाधीन नई जिला कोर्ट बिल्डिंग में लंबे समय से प्रतीक्षित एडवोकेट्स चेंबर्स के निर्माण की प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने इस संबंध में अभिभाषक संघ से प्रस्तावित प्लान और डिजाइन मांगा है.**

इंदौर में बन रही नई जिला कोर्ट बिल्डिंग में वकीलों के लिए चेंबर निर्माण को लेकर अब ठोस पहल शुरू हो गई है. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा इंदौर अभिभाषक संघ को पत्र भेजकर नई बिल्डिंग में बनाए जाने वाले एडवोकेट्स चेंबर्स के निर्माण, प्रस्तावित प्लान और डिजाइन प्रस्तुत करने को कहा है. इस पत्र के बाद वर्षों से लंबित इस मुद्दे पर अभिभाषक संघ में हलचल तेज हो गई है. अभिभाषक संघ के सचिव कपिल बिरथरे ने बताया कि नई जिला कोर्ट बिल्डिंग में लगभग 30 हजार वर्गफुट क्षेत्र चेंबर निर्माण के लिए सुरक्षित किया है.

इसी स्थान पर वकीलों के चेंबर्स बनाए जाने हैं. इसको लेकर संघ जल्द ही एक बैठक बुलाने जा रहा है, जिसमें चेंबर निर्माण से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी. बैठक में चेंबर्स की संख्या, निर्माण में आने वाली अनुमानित लागत, पार्किंग व्यवस्था, भवन की डिजाइन, कितनी मंजिलें होंगी और निर्माण एजेंसी कौन होगी, जैसे विषयों पर निर्णय लिया जाएगा. प्रारंभिक आकलन के अनुसार 8 से 9 मंजिला चेंबर भवन बनाया जा सकता है,



## इंदौर कॉलेज की छात्राओं के दल बाग प्रिंट की बारिकियों को समझा

**बाग.** इदौर के एसडीपीएच फैशन डिजाइनिंग कॉलेज की छात्राओं का बाग पहुंचा। इन छात्राओं ने बाग प्रिंट हस्तशिल्प कला की बारीकियों को समझा। बाग प्रिंट कलाकार नूर मोहम्मद खत्री की कार्यशाला में उन्हें कपड़े तैयार करने की पूरी प्रक्रिया बताई।

**बाघनी नदी में धुलाई की प्रक्रिया को समझा**

रंगकर्मी बिलाल खत्री ने छात्राओं को बाग प्रिंट के कपड़े बनाने में उपयोग होने वाले प्राकृतिक कच्चे माल से लेकर भट्ठी कार्य और बाघनी नदी के पानी में धुलाई तक की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। इसके बाद डिजाइनिंग छापों से ठप्पा लगाने की पूरी विधि भी समझाई गई। उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासा से जुड़े सभी सवालों के जवाब दिए।

देश-विदेश में बाग प्रिंट की बढ़ती ख्याति पर कलाकारों ने दी जानकारी कॉलेज की छात्राओं ने बाघनी नदी पर जाकर कपड़ों की धुलाई और सुखाने के कार्य को करीब से देखा। उन्होंने स्वयं अपने हाथों से कपड़ों पर बाग प्रिंट का ठप्पा लगाकर इस कला का अनुभव लिया। रंगकर्मी नूर मोहम्मद खत्री ने बताया कि वे अनेक कॉलेजों में बाग प्रिंट कला को समझाने के लिए कई प्रेजेंटेशन दे चुके हैं।

## सिविल अस्पताल में चार माह बाद शुरू हुई सीटी स्कैन सुविधा

**▶ मरीजों को मिली बड़ी राहत**



**बदनावर ।** सिविल अस्पताल में लंबे समय से बंद पड़ी सीटी स्कैन मशीन की मरम्मत पूरी होने के बाद पुन: संचालन शुरू हो गया है, जिससे क्षेत्र के मरीजों को बड़ी राहत मिली है और अब उन्हें जांच के लिए दूसरे शहरों की ओर भटकना नहीं पड़ेगा। बिजली लाइन में आए तकनीकी फॉल्ट के कारण मशीन के कई महत्वपूर्ण और महंगे उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिसके चलते यह सेवा लगभग चार महीने तक बाधित रही। संबंधित कंपनी द्वारा मरम्मत के लिए करीब आठ लाख सत्तर हजार छह सौ चौंसठ रुपये का अनुमान प्रस्तुत किया गया था, लेकिन रोगी कल्याण समिति के पास पर्याप्त धनराशि उपलब्ध नहीं होने के कारण कार्य में देरी होती रही। इस स्थिति को देखते हुए प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने भोपाल में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक राशि स्वीकृत कराने का आग्रह किया, वहीं स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी लगातार पत्राचार किया गया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप शासन ने मरम्मत के लिए निर्धारित राशि जारी की, जिसके बाद कंपनी ने मशीन को दुरुस्त कर दोबारा चालू कर दिया। अब अस्पताल परिसर में ही सीटी स्कैन जांच की सुविधा उपलब्ध होने से आसपास के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मरीजों को सीधा लाभ मिल रहा है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसएल मुजाल्दा ने जानकारी देते हुए बताया कि मशीन की सेवाएं सुचारु रूप से प्रारंभ हो चुकी हैं और रोगी कल्याण समिति की बैठक में निर्णय लेकर जांच शुल्क को पहले के एक हजार रुपये से बढ़ाकर पंद्रह सौ रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि निजी संस्थानों या अन्य शहरों में यही जांच तीन हजार रुपये तक में कराई जाती है। वर्ष 2021 में कोरोना महामारी के दौरान लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से स्थापित यह मशीन पूरे तहसील क्षेत्र की एकमात्र सरकारी सीटी स्कैन सुविधा है, जिसके संचालन के दौरान प्रतिदिन छह से अधिक मरीज जांच कराते थे। मशीन के खराब होने के बाद लोगों को बड़नगर, रतलाम, धार और उज्जैन जैसे शहरों में जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त हानि होती थी। वर्तमान में मशीन के पुन: प्रारंभ होने से यह समस्या समाप्त हो गई है और स्थानीय नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकी हैं। डॉ. मुजाल्दा ने यह भी बताया कि अस्पताल में डायलिसिस और सोनोग्राफी जैसी सुविधाएं पहले से संचालित हैं, लेकिन अनुभवी डॉक्टरों और रेडियोलॉजिस्ट की कमी बनी हुई है, जिसके लिए शासन को अवगत कराया गया है और शीघ्र नियुक्ति की मांग की गई है, ताकि भविष्य में मरीजों को संपूर्ण और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं एक ही स्थान पर मिल सकें।

## एक नजर ▶ लक्ष्मी जाट सम्यक अभियान की जिला समंवय नियुक्त

## इंदिरा गांधी के कार्यों व विचारों को लोगों तक पहुंचाना अनिवार्य हैं : रोकड़े




**मनावर।** सम्यक अभियान महिला संगठन प्रदेश समन्वयक कनुप्रिया सत्तन द्वारा नपा नेता प्रतिपक्ष पार्षद लक्ष्मी जाट मनावर जिला धार को सम्यक अभियान द्वारा संचालित चार वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान को सफल बनाने हेतु सम्यक अभियान के महिला संगठन की धार जिला समन्वयक पद पर नियुक्त किया गया है।

महिला संगठन प्रदेश समन्वयक कनुप्रिया सत्तन ने कहा कि जाट जिले के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग कर अभियान को सफल बनाने में कामयाब होंगे। भास्कर राव रोकड़े ( गुरुदेव ) के नेतृत्व में संचालित सम्यक अभियान से मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी को जन स्वीकार्यता प्राप्त होने के साथ साथ कांग्रेस संगठन में मजबूती आएगी तथा पार्टी के कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ नवक्रांति की ओर अग्रसर होंगे। इंदिरा गांधी के कार्यों और विचारों को लोगों और विशेष रूप से युवाओं तक पहुंचाना अत्यंत अनिवार्य है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व मध्यप्रदेश प्रभारी ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को निर्देश दिया कि सम्यक अभियान द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाएं। उसके पश्चात् म.प्र. कांग्रेस कमेटी ने पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा को सम्यक अभियान का प्रदेश प्रभारी नियुक्त करने के साथ ही प्रदेश के कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सम्यक अभियान के कार्यक्रमों को सफल बनाने में योगदान दे।

इंदिरा ज्योति अभियान के आयोजनों की सफलता सुनिश्चित करने हेतु म.प्र. कांग्रेस कमेटी ने वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय प्रदेश आयोजन समिति भी गठित की है।

सम्यक अभियान द्वारा महिलाओं को राजनैतिक प्रशिक्षण देने हेतु गुरुदेव की पाठशाला संचालित है।

सम्यक अभियान महिला संगठन ने प्रतिवर्ष 24 जनवरी को भारतीय सशक्त महिला दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया है। क्योंकि 24 जनवरी 1966 को विश्व नेत्री बनकर कीर्तिमान स्थापित करने वाली श्रीमती इंदिरा गांधी ने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी।

लक्ष्मी जाट की नियुक्ति पर कांग्रेस में हर्ष व्याप्त है। कांग्रेस पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने बधाई दी तथा सम्यक अभियान महिला संगठन प्रदेश समन्वयक कनुप्रिया सत्तन का आभार व्यक्त किया।